मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-73
22/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में नवादा जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 22 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में नवादा जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में नवादा समाहरणालय में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में नवादा जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी नवादा श्रीमती उदिता सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। साथ ही मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल का जल, हर घर पक्की गली–नाली योजना आदि के तहत कराये गये विकास कार्यों को मेंटेन रखें ताकि इसका लाभ लोगों को मिलता रहे। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ छात्रों को समय से उपलब्ध करायें। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान में देरी न करें। इसके साथ ही अन्य विकासात्मक योजनाओं के काम में भी तेजी लायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग है कि नवादा में पार्क बने, इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। हर जगह पार्कों का निर्माण कराया गया है। नवादा में गंगाजल पहुंचाया जा रहा है। इस साल यह काम पूर्ण हो जायेगा। हर घर तक गंगा का जल लोगों को उपलब्ध कराने की दिशा में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जिलाधिकारी नवादा श्रीमती उदिता सिंह ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिंह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, उद्योग मंत्री सह नवादा जिले के प्रभारी मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, नवादा जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, आयुक्त मगध प्रमंडल श्री मयंक बरबड़े, पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र श्री क्षत्रनील सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरक्षा श्री मनोज कुमार, जिलाधिकारी नवादा श्रीमती उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक नवादा श्री अंबरीष राहुल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******